हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 22 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 22 .5 डिग्री
न्यूनतम 5 .6 डिग्री

11 भारत 2047 में प्राप्त करेगा आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र का गौरव



12 ग्रामीणों ने झाड़ली पावर प्लांट को जाने वाले रेलवे ट्रैक को किया जाम



## खबर संक्षेप

### बाप-बेटे के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

**नाहड़।** लूखी में एक किसान के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने बाप-बेटे के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में प्रवीन कुमार ने बताया कि वह अपने खेतों में जा रहा था। रास्ते में सुरेंद्र और उसके पिता सूर्यकांत ने उसका रास्ता रोक लिया। दोनों ने उसके साथ जमकर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने उसके बयान पर दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### बावल क्षेत्र से घर से लापता हुई युवती

**बावल।** क्षेत्र के एक गांव से करीब 19 साल की युवती घर से लापता हो गई। पुलिस को दर्ज शिकायत में युवती के दादा ने बताया कि उसकी पोती घर पर ही रहती थी। बुधवार दोपहर वह अचानक घर से कहीं चली गई। देर शाम तक वापस नहीं आने पर उसकी पोती की रिश्तेदारियों और दूसरे स्थानों प तलाश की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद युवती की तलाश शुरू कर दी।

### मॉडल टाउन एरिया से बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन से चोर एक बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में जैतड़ावास निवासी रोहित ने बताया कि वह मॉडल टाउन में काम करता है। वह अपनी बाइक लेकर गांव से काम पर आया था। दोपहर के समय कोई व्यक्ति उसकी बाइक लेकर फरार हो गया। सीसीटीवी कैमरे में चोर साफ नजर आ रहा है। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### ट्रॉले की टक्कर से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त

**धारूहेड़ा।** फ्लाईओवर के पास एक ट्रॉले की टक्कर से कार बुरी तह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस शिकायत में राजस्थान के सिधीवाली निवासी अनिल ने बताया कि वह दिल्ली के सिरसपुर में रहता है। वह कार से परिवार के साथ अपने घर लौट रहा था। धारूहेड़ा के निकट एक ट्रॉले ने पीछे से उसकी कार को टक्कर मार दी। इसके बाद कार आगे चले रही बस में घुस गई। कार दोनों ओर से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

### कांग्रेस के प्रदर्शन में भाग लेने की अपील

**रेवाड़ी।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने अपील की है कि वह कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन के 22 दिसंबर को किए जाने वाले प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। एक बयान में विद्रोही ने कहा कि भाजपा सरकार के अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक रुख के खिलाफ लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए इस प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी निभानी चाहिए, ताकि लोकतंत्र पर मंडरा रहे खतरे को दूर किया जा सके।

### कल्टीवेटर चोरी के आरोप में गिरफ्तार

**डहीना।** सीहा में एक किसान का कल्टीवेटर चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। 13 दिसंबर की रात महीपाल के खेत के पास रास्ते के किनारे पर खड़ा कल्टीवेटर चोरी हो गया था। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने जैनाबाद निवासी पवन को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### पाइप लाइन से तेल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने पाइप लाइन में सेंध लगाकर तेल चोरी करने के एक आरोपी को पांच साल बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस तेल कंपनी के एक अधिकारी की शिकायत पर वर्ष 2019 में केस दर्ज किया था। पुलिस मामले में कई आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

## चारदीवारी टूटने की वजह से पार्क में घुस रहे गोवंश, आसपास के लोग बांध रहे पालतू पशु

# प्रशासन की सुस्ती से पशुबाड़ा बना ब्रास मार्केट पार्क, जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर

हेमंत शर्मा ▶▶ रेवाड़ी

देखरेख के अभाव में शहर के ज्यादातर पार्कों की हालत बिगड़ती जा रही है। नगर परिषद की ओर से पार्कों की दयनीय स्थिति पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सरकुलर रोड से लगते व ब्रास मार्केट में स्थित वीर सावरकर पार्क की हालत सुधरने की बजाय बिगड़ती जा रही है। पार्क में सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है। गंदगी से सरोबार पार्क की चारदीवारी तक टूट चुकी है। टूटी चारदीवारी का फायदा उठाकर लोग पार्क में अपने पशु बांध रहे है। पार्क में जगह-जगह उपले बनाए हुए है। पार्क में बैठे लोगों के साथ गोवंश का जमावड़ा नजर आ रहा है। शहर का यह पार्क इस समय किसी तबेले से कम नहीं है।








रेवाड़ी। ब्रास मार्केट पार्क में बांधे गए पशु, पार्क में कीचड़ से हुई गंदगी, टूटी पड़ी पार्क की चारदीवारी। फोटो :हरिभूमि

### पार्क की दुर्दशा सुधरने की बजाय बिगड़ी

ब्रास मार्केट स्थित हुडा पार्क की शुरू से ही दयनीय हालत रही है। 1995 में पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल के उद्घाटन करने के समय पार्क सही हालत में था, लेकिन उसके बाद देखरेख के अभाव में पार्क की हालत दयनीय होती चली गई। मौजूदा हालात में पार्क में स्ट्रीट लाइट होने के बावजूद भी अंधेरा रहता है। पार्क में सौन्दर्यकरण के लिए लगे फव्वारे तक गायब हो चुके है। पार्क की चारदीवारी में लगाई गई लोहे की ग्रिल कई जगह से गायब हो चुकी है। पार्क की घास गायब हो चुकी है। पार्क में पानी से जगह-जगह कीचड़ हो रहा है। पार्क की सफाई नहीं होने से जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए है। पार्क की दीवारों को लोगों ने शौचालय बना दिया है।पार्क की दयनीय हालत के सुधारीकरण को लेकर वीर सावरकर मंच से मंच से पूर्व बीइओ कर्ण सिंह यादव, एडवोकेट गूगन सिंह, एसके जाजोरिया, सतीश गुगनानी, एडवाकेट रणजीत सिंह, हेमंत सिंहल, ऋषि सिंहल व पवन गुप्ता ने जनवरी माह में तत्कालीन डीएमसी सुभिता ढाका से आग्रह किया था, जिसके बाद डीएमसी ने पार्क का निरीक्षण करके अधिकारियों को सुधार करने के निर्देश भी दिए। उस समय नप अधिकारियों ने सिर्फ पार्क की सफाई ही कराई थी। उसके बाद से किसी भी अधिकारी व कर्मचारी ने पार्क की सुध तक नहीं ली। 11 महीने में पार्क की दशा और भी ज्यादा बिगड़ गई है।

### पार्क पर ध्यान नहीं दे रहा प्रशासन



*पार्क में काफी समय से स्ट्रीट लाइटें लगी हुई है, लेकिन लाइटें बंद पड़ी होने से रात के समय पार्क अंधेरे में लिप्त रहता है, जिससे पार्क में असामाजिक गतिविधियां बढ़ रही है। मेन रोड से लगते पार्क पर प्रशासन बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहा है। -एडवोकेट गूगन सिंह।*






रेवाड़ी। नगर परिषद कार्यालय में घूमती गाय। फोटो :हरिभूमि

### नगर परिषद कार्यालय तक पहुंचे गोवंश

अब तो गोवंश नगर परिषद कार्यालय के अंदर अधिकारियों व कर्मचारियों के सामने घूमने लगे है। जब कार्यालय में ही गोवंश घूम रहे है तो शहर की सड़कों पर सैकड़ों की संख्या में बैठे गोवंश से कैसे निजात मिलेगी। सड़कों पर जमा गोवंश की समस्या को लेकर नगर परिषद अधिकारियों को बार-बार कोर्ट में तलब किया जा रहा है, लेकिन नप अधिकारियों को कोर्ट के आदेश की भी कोई परवाह नहीं है।



रेवाड़ी। पार्क में गोवंश का जमावड़ा। फोटो :हरिभूमि

### सुविधाओं से महरूम हुआ पार्क



*पार्क पूरी तरह सुविधाओं से महरूम हो चुका है। सफाई के अभाव में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए है। पेयजल सप्लाई के लीकेज होने के कारण पार्क के काफी हिस्से में कीचड़ हो गया है। पार्क की चारदीवारी टूटने से पशुओं का जमावड़ा हो गया है व आसपास के लोग अपने पालतू पशुओं को भी पार्क में बांध रहे है। -एस के जाजोरिया।*

# रंजिश के चलते बाइक रोककर की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

गोकलगढ़ में पुरानी रंजिश के चलते बाइक पर जा रहे एक व्यक्ति पर पड़ोसी गांव के ही कुछ लोगों ने हमला कर दिया। पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक लोगों पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

अस्पताल में उपचाराधीन गांव के ठाकुर दास ने बताया कि वह अपने भांजे के साथ रेलवे रोड रेवाड़ी से अपने घर जा रहा था। हनुमान मंदिर के पास पांच-छह युवकों ने उसकी बाइक रुकवा ली। इसके बाद उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। उसके भांजे ने परिजनों को घटना की सूचना दी। इसके बाद उसके परिवार के सदस्यों ने उसे अस्पताल में दाखिल कराया। उसने आरोप लगाया कि बीकानेर निवासी पंकज के साथ उसका कुछ दिन पहले विवाद हो गया था। उसने धमकी दी थी कि वह उसका इलाज कर देगा। उसने पकंज पर युवकों को भेजकर हमला कराने का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद हमलावरों की तलाश शुरू कर दी।

# खेती के लिए पट्टे पर पंचायती जमीन, सरपंच करा रही मिट्टी का खनन, अफसरों से कार्रवाई की मांग

- माइनिंग के नियमों की धज्जियां उड़ाने के आरोप, किसान को भुगतना पड़ रहा खामियाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

खरखड़ा में खेती के लिए अनुसचित जाति के किसान को पट्टे पर दी हुई पंचायती जमीन से मिट्टी का अवैध खनन करने के आरोप में शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत में सरपंच पर उपजाऊ भूमि को बंजर बनाने व खनन में नियमों की अवहेलना करने के आरोप लगाते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की गई है। दूसरी ओर सरपंच ने मिट्टी का इस्तेमाल विकासकार्यों में किए जाने की बात कहते हुए स्पष्ट किया है कि खनन अधिकारियों के संज्ञान में रखते हुए कराया जा रहा है। सीएम व अधिकारियों के नाम लिखे गए पत्र में गांव के खुशीराम ने बताया कि गांव की कृषि योग्य भूमि पंचायत ने एक किसान सुभाष चंद को पट्टे पर दिया हुआ है। यह जमीन खेती करने के लिए उपजाऊ है। उसने आरोप लगाया कि सरपंच की ओर से कृषि भूमि की खुदाई कराकर मिट्टी को अन्य स्थान पर पहुंचाया जा रहा है। इससे भूमि की उपजाऊ शक्ति क्षीण होने के पूरे आसार हैं। मिट्टी का खनन भी 8 से 9 फीट गहराई तक कराया जा रहा है, जिसकी खनन विभाग अनुमति नही देता। विकासकार्यों की आड़ में 30 साल से खेती के लिए पट्टे पर दी जा रही जमीन को बंजर बनाते हुए मिट्टी को खुर्द-बुर्द किया जा रहा है। खुशीरात ने बताया कि भूमि को खेती के लिए पट्टे पर दिए जाने से होने वाली आय से गांव के विकासकार्य होते हैं। भूमि बंजर होने के बाद पंचायत की आय का स्त्रोत भी बंद हो जाएगा। उसने अधिकारियों से मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है।



रेवाड़ी। पट्टे पर दी हुई पंचायती जमीन से उठाई गई मिट्टी। फोटो :हरिभूमि

### अफसरों के संज्ञान में पूरा मामला

सरपंच सुशीला देवी के पति विकास यादव का कहना है कि पंचायती जमीन से मिट्टी की खुदाई के लिए खनन विभाग से अनुमति ली हुई है। मिट्टी का इस्तेमाल गांव के विकासकार्यों में ही किया जा रहा है। खनन के नियमों के मुताबिक ही खुदाई कराई जा रही है। सब कुछ अधिकारियों के संज्ञान में रखकर किया जा रहा है। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। ग्रामीण राजनीति के चलते सरपंच पर बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं।

# आधी रात को शुरू हुई सीएनजी सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शटडाउन लिए जाने के कारण 24 घंटे तक सीएनजी उपलब्ध नहीं होने से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बुधवार को आधी रात के बाद से सीएनजी की सप्लाई सामान्य हुई, जिससे वीरवार सुबह सीएनजी पंपों पर वाहनों की भारी भीड़ रही। सीएनजी पंपों पर वाहन चालकों को गैस के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। गैस पाइप लाइनों की मेंटिनेंस और नए कनेक्शन जोड़ने के लिए तकनीकी अधिकारियों से मंगलवार रात 12 बजे से लेकर बुधवार रात 12 बजे तक का शटडाउन लिया था। इससे रेवाड़ी से लेकर गुरूग्राम के पंचगांव तक सीएनजी पंपों की सप्लाई बंद हो गई थी। बुधवार को शाम के समय सीएनजी वाहनों से अप-डाउन करने वाले लोगों को गैस नहीं मिलने के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। सिर्फ सीएनजी पर आधारित वाहनों के चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। नेशनल हाइवे पर दर्जनों ऐसे वाहन सीएनजी की सप्लाई सुचारू होने के इंतजार में खड़े रहे। अर्धरात्रि के बाद सप्लाई शुरू होते ही इन वाहनों में सीएनजी डल सकी, जिसके बाद वह गंतव्य की ओर रवाना हुए। बड़ी संख्या में वाहन चालकों को सीएनजी के अभाव पेट्रोल-डीजल से काम चलाना पड़ा।



रेवाड़ी। रात को खाली पड़ा सीएनजी पंप। फोटो :हरिभूमि



सुबह लगी पंपों पर वाहनों की कतार

### सुबह रही पंपों पर काफी मारामारी

रात को सीएनजी नहीं मिलने के कारण सुबह सीएनजी पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। लगभग सभी पंपों पर वाहनों की भारी भीड़ देखने को मिली। नौकरीपेशा लोगों को सीएनजी के लिए लाइनों में लगना पड़ा, जिससे कई समय पर दफ्तरों में भी नहीं पहुंच पाए। दोपहर तक पंपों पर भीड़ की स्थिति सामान्य हो पाई। रात को सीएनजी नहीं मिलने के कारण वाहन चालकों की जेब अतिरिक्त बोझ पड़ा।



रेवाड़ी। बच्चों को स्वेटर वितरित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### लायंस क्लब ने बच्चों को स्वेटर वितरित किए


**रेवाड़ी।** लायंस क्लब की ओर से वीरवार को नई आबादी स्थित श्याम बाबा निःशुल्क विद्यालय में विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। क्लब के प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन दीपक अग्रवाल ने बताया कि स्कूल के सभी 55 विद्यार्थियों को गर्म स्वेटर तथा बैठने के लिए दरी और खाने के पैकेट वितरित किए गए। इस मौके पर लायंस क्लब के प्रधान संदीप गोयल, सचिव अभिषेक गुप्ता, डा. आदेश सक्सेना, ऋषि सिंहल, राकेश गर्ग,जीतेश गोयल, हेमंत सिंहल व आचार्य रामतीर्थ उपस्थित थे।

## आसमान में बादल छाने से बढ़ेगी कोहरे का प्रकोप, कड़ाके की ठंड शुरू होने की बन रही संभावना

# दिन व रात के तापमान में बढ़ोतरी, रोजाना बदल रहा मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

दिसंबर माह खत्म होने में एक सप्ताह का समय ही बचा है, लेकिन सीजन के मुताबिक ठंड ने अभी तक अपना असर नहीं दिखाया है। तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर बना हुआ है। न्यूनतम तापमान इस बार 4 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं आया है। सुबह से शाम तक खिलने वाली तेज धूप दोपहर के समय मौसम गर्म बना रही है। सुबह और शाम के समय ही सर्दी का अहसास होता है, जिससे मौसम में बदलाव की उम्मीद बंध रही है। मौसम विभाग के अनुसार दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में आसमान में गहरे बादल छाने से बूंदाबांदी हो सकती है, जिससे कोहरे के साथ कड़ाके की ठंड भी शुरू होने की संभावना है। गत वर्ष दिसंबर माह के दूसरे पखवाड़े में न्यूनतम तापमान 1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। इस सीजन में अभी तक न्यूनतम तापमान 4 डिग्री तक नहीं पहुंचा है। वीरवार को न्यूनतम तापमान में 1 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी के साथ 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 22.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। गत दिवस न्यून्तम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस व अधिकतक तापमान 21 डिग्री सेल्सियस था। हवाओं की गति 15 किलोमीटर प्रति घंटा रही, जिससे दिन समय ठिठुरन नहीं बढ़ी। इस सीजन में वह ठंड अभी तक देखने को नहीं मिली है, जो अक्सर दिसंबर के दूसरे पखवाड़े में शुरू हो जाती है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार से लगातार तीन दिन तक आसमान में बादल छा सकते हैं। इससे न्यूनतम तापमान में वृद्धि व अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी। कोहरे का प्रकोप भी इस दौरान बना रह सकता है।



रेवाड़ी। दिल्ली रोड पर लहलहाती सरसों की फसल। फोटो :हरिभूमि

### फसलों के लिए अनुकूल मौसम

रबी की फसलों के लिए मौसम अनुकूल बना हुआ है। रात को ठंड और दिन के समय मौसम का गर्म मिजाज गेहूं में तेजी से फुटाव ला रहा है। सरसों की अगेती फसलों पर फलियां आना शुरू हो गया है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार अगर इस समय हल्की बरसात हो जाती है, तो वह दोनों फसलों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी।

### कंपनी कर्मचारी का लैपटॉप व मोबाइल चोरी

**रेवाड़ी।** घीसा की ढाणी में रहने वाले एक कंपनी कर्मचारी के कमरे से लैपटॉप और मोबाइल फोन चोरी हो गए। पुलिस ने संदेह के आधार पर एक युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। यूपी के कंजीखेरा निवासी अवधेश कुमार ने सिटी पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि वह 28 अक्टूबर को खिजरी में कंपनी में काम पर गया हुआ था। वह घीसा की ढाणी में किराए के मकान में रह रहा है। वापस आने पर उसके कमरे से लैपटॉप व मोबाइल फोन गायब मिले। काफी तलाश करने के बाद भी उनका कोई पता नहीं चल सका। उसने आरोप लगाया कि सोनू शर्मा नाम के युवक ने ही उसका सामान चोरी किया है।

रोचक / शिखर चंद जैन

क्रिसमस पर अपने घरों में क्रिसमस-ट्री सजाने की परंपरा है। सिर्फ घरों में ही नहीं, बाहर भी बहुत ही भव्य रूप से क्रिसमस-ट्री सजाए जाते हैं, जो सबके आकर्षण का केंद्र होते हैं। यहां हम दुनिया के कुछ देशों में सजाए जाने वाले उन क्रिसमस-ट्री के बारे में बता रहे हैं, जो बहुत ही अजब-अनूठे हैं।

# अजब-अनूठे क्रिसमस ट्री



## लीगो ब्रिक्स क्रिसमस ट्री, ऑस्ट्रेलिया

बच्चों, लीगो के ब्लॉक यानी टुकड़ों को जोड़कर घर, ब्रिज, गाड़ियां या अन्य कई आकृतियां बनाई जाती हैं। तुमने भी कभी ना कभी लीगो के ब्लॉक जोड़कर तरह-तरह की आकृतियां बनाई होंगी। बच्चों, लीगो कंपनी भी हर साल इन्हीं ब्लॉक्स को जोड़कर विशाल आकार का एक क्रिसमस-ट्री बनाती है। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में कंपनी लगभग 13,000 लीगो ब्लॉक्स को जोड़कर 32 फीट ऊंचा क्रिसमस-ट्री बनाती है। इस ट्री को 35,000 रंग-बिरंगी एलईडी लाइटों से सजाया जाता है, जो देखने में बहुत ही मनमोहक लगता है। *

## मोना शोर्स सिंगिंग क्रिसमस ट्री, अमेरिका



अमेरिका में मोना शोर्स सिंगिंग क्रिसमस-ट्री लंबे समय से तैयार किया जा रहा है। यह क्रिसमस-ट्री 67 फीट ऊंचा होता है। इसे मिशिगन राज्य के मस्कीगॉन में स्थित फ्रैंडल सेंटर में तैयार किया जाता है। इस क्रिसमस-ट्री की विशेषता यह है कि 15 तलों पर 275 वास्तविक गायक खड़े होकर 'डिंग डांग मेरीली ऑन हाई', 'आई हर्ड बेल्स ऑन क्रिसमस डे' जैसे मधुर गीत अपनी सुरीली आवाज में गाते हैं। इस क्रिसमस-ट्री को 25,000 रंग-बिरंगे मिनी बल्बों से भी सजाया जाता है। इसे देखना वाकई एक अनूठा अनुभव होता है। *

## पैकमैन क्रिसमस-ट्री, स्पेन



स्पेन के मैड्रिड शहर में एक अनूठा क्रिसमस-ट्री बनाया जाता है, जो दुनिया भर में चर्चित है। वीडियो गेम पसंद करने वाले बच्चे तो इसके दीवाने हैं, क्योंकि इस क्रिसमस-ट्री की बनावट जापान में 80 के दशक के लोकप्रिय आर्केड वीडियो गेम को समर्पित है, जिसे बाद में पैकमैन के नाम से जाना गया। पैकमैन क्रिसमस-ट्री का आकार एक विशाल त्रिभुज का होता है। मजे की बात पैकमैन क्रिसमस-ट्री के पास जाकर बच्चे पैकमैन वीडियो गेम को खेल भी सकते हैं। *

## लॉबस्टर ट्रैप क्रिसमस-ट्री, कनाडा



कनाडा के पूर्वी तटीय टाउन स्टॉनिंगटन में कुछ वर्षों से अनूठा क्रिसमस-ट्री तैयार किया जा रहा है। यहां क्रिसमस-ट्री लॉबस्टर्स (झींगा) के पिंजरानुमा ट्रैप्स से बनाया जाता है। फिर इस क्रिसमस-ट्री को रंग-बिरंगी सजावटी सामग्री, रिबन और मिनी बल्बों से सजाया जाता है। इस विशालकाय क्रिसमस ट्री को देखकर लोग हैरान रह जाते हैं। अब इसकी नकल करके कनाडा में कई स्थानों पर ऐसे ही क्रिसमस ट्री बनाए जाने लगे हैं। *

## ड्रम क्रिसमस ट्री, अमेरिका





अमेरिका के न्यूयॉर्क सिटी के रोचेस्टर में एक कंपनी पिछले 10 वर्षों से 27 से 28 फीट ऊंचा शानदार क्रिसमस-ट्री का निर्माण करती है। कंपनी द्वारा निर्मित क्रिसमस-ट्री बहुत अनोखा होता है, क्योंकि यह ट्री खाली हो चुके ड्रमों से बनाया जाता है। ड्रमों से बना 12 तल्लों का यह ट्री पूरे न्यूयॉर्क शहर में सबसे अनूठा क्रिसमस-ट्री होता है। इस विशाल क्रिसमस-ट्री के निर्माण में करीब 550 ड्रमों का इस्तेमाल होता है। इस अनूठे क्रिसमस-ट्री को तरह-तरह के डेकोरेटिव आइटम और कलरफुल लाइट्स से सजाया भी जाता है। *

## साइकिल से बने क्रिसमस-ट्री





न्यूजीलैंड के रोटोरुआ शहर में साइकिल से बनाया जाने वाला क्रिसमस-ट्री देखकर हर कोई दंग रह जाता है। यह ट्री लगभग 150 पुरानी साइकिलों को जोड़कर बनाया जाता है। साइकिल प्रेमी इसे विशेष रूप से पसंद करते हैं। न्यूजीलैंड की देखा-देखी चीन की राजधानी शेनयांग में भी एक शॉपिंग मॉल में एक बार 230 साइकिलों को जोड़कर 39 फीट ऊंचा क्रिसमस-ट्री बनाया गया था। इसी तरह वर्ष 2014 में ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य के लिसमोर शहर में भी 90 पुरानी साइकिलों के पार्ट्स से क्रिसमस-ट्री बनाया गया था। साथ ही रंग-बिरंगी सामग्री से सजाया भी गया था। *

## फ्लोटिंग क्रिसमस ट्री, ब्राजील



ब्राजील की राजधानी रियो डि जेनेरो में रोड्रिगो डी फ्रीटास नामक झील है। इस झील में क्रिसमस के मौके पर एक विशाल क्रिसमस-ट्री पानी के ऊपर तैरता दिखता है, जिसे फ्लोटिंग क्रिसमस-ट्री कहते हैं। इस ट्री की ऊंचाई 280 फीट होती है। इस क्रिसमस ट्री का नाम दुनिया के सबसे ऊंचे फ्लोटिंग क्रिसमस-ट्री के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है। इस ट्री में बहुत ही शानदार लाइटिंग की जाती है, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। फ्लोटिंग क्रिसमस की पूर्व संध्या पर फ्लोटिंग क्रिसमस-ट्री के पीछे शानदार आतिशबाजी की जाती है। *

कहानी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

हर साल अन्वय के दादा जी सांता क्लॉज बनकर कॉलोनी के बच्चों को उनके पसंद के उपहार चुपचाप बांट आते थे। इस बार जब दादा-दादी के साथ अन्वय नहीं था। वह अपने मम्मी-पापा के साथ अमेरिका चला गया था तो बच्चों ने अकेले रह रहे दादा-दादी को सांता क्लॉज की तरह बहुत ही प्यारा और यादगार उपहार दिया। क्या था यह उपहार?

# सबसे प्यारा उपहार



उस दिन चिंटू, रॉबिन, माधव और रानी चारों क्रिसमस सेलिब्रेशन की प्लानिंग के लिए पार्क में इकट्ठे हुए। बात सांता क्लॉज पर होने लगी। बच्चे इस बात पर आश्चर्यचकित थे कि हर साल सांता ना जाने कैसे उनकी पसंद का उपहार रख जाता है। चिंटू अपनी आंखों की पुतलियां चारों ओर घुमाते हुए बोला, 'हमारी टीचर कहती हैं सांता क्लॉज कोई और नहीं, हम लोगों के आस-पास का कोई इंसान होता है, जो हर उस नेक इंसान के पास जाता है, जिसे मदद की जरूरत होती है। बच्चों को उसे खासतौर पर लगाव होता है, इसलिए उन्हें उपहार बांटता है।'

उसी समय बच्चों की नजर पार्क के सामने वाले घर पर पड़ी। उन्होंने देखा कि उनके फ्रेंड अन्वय के दादा-दादी बैठे हुए हैं। माधव ने कहा, 'जब अन्वय हमारे साथ था तो कितना अच्छा लगता था, लेकिन जब से वह अपने मम्मी-पापा के साथ अमेरिका चला गया है, उनका घर तो सूना ही हो गया है। दादा-दादी जी कितने उदास नजर आते हैं। क्या उनके लिए भी कोई सांता क्लॉज हो सकता है? उनकी उदासी दूर कर सकता है?' माधव की बात सुनकर रॉबिन बोला, 'क्यों ना इस बार हम अन्वय के दादा-दादी जी के लिए सांता क्लॉज बनें। बच्चे भी तो सांता क्लॉज हो सकते हैं।' 'आखिर हम क्या कर सकते हैं...?' माधव ने आश्चर्य से पूछा।

'अन्वय के पापा मेरे पापा के बहुत अच्छे दोस्त हैं... कई बार उनकी आपस में बात होती है... क्यों ना हम उन्हें कहें कि वे इस बार क्रिसमस और नया साल यहीं अपने देश में मनाएं।' रॉबिन ने कहा।

यह सुनकर रानी हंसते हुए बोली, 'मेरे दादा जी कहते हैं कि जो एक बार विदेश चला जाता है, वह आसानी से अपने देश में लौटता नहीं, बहुत कम अपनों से मिलने आता है।' रानी की बात सुनकर चिंटू बोला, 'नहीं... ऐसा नहीं है।' फिर वह रॉबिन की ओर देखकर बोला, 'तुम अपने पापा से कहना कि अन्वय के पापा से बात करें कि क्रिसमस पर वह भारत आएं। फिर कल हमें बताना।' अगले दिन जब बच्चे पार्क में इकट्ठे हुए तो रॉबिन ने चहकते हुए बताया, 'कल मेरे पापा की अन्वय के पापा से बात हुई थी। उन्होंने बताया कि उनका प्लान है कि वे जनवरी में मकर संक्रांति के आस-पास आएंगे, लेकिन मेरे पापा ने उन्हें क्रिसमस पर आकर दादा-दादी जी को सरप्राइज देने के लिए मना लिया है। शायद वे आज ही फ्लाइट की टिकट्स भी बुक करा लेंगे।' यह सुनकर सब बच्चे खुशी से चहक उठे। सबने प्लान कर लिया था कि इस बार भी क्रिसमस पर पार्क और सामने वाले घर को बहुत अच्छी तरह से सजाएंगे। क्रिसमस की पार्टी यहीं होगी।

जब क्रिसमस में कुछ ही दिन बचे थे तो बच्चों ने दादा-दादी जी के पास जाकर कहा, 'हम लोग क्रिसमस के लिए पार्क को सजा रहे हैं। हम चाहते हैं आपका घर भी सजाएं, अच्छा लगेगा।' दादा जी मुस्कुराते हुए बोल, 'ठीक है बच्चों...!'

बच्चे चाहते थे कि दादा-दादी जी को सरप्राइज मिले। अपने बेटे-बहू और पोते को देखने के बाद उनके चेहरे की खुशी से खिल उठेंगे। बच्चे रोज दादा-दादी के घर की थोड़ी-थोड़ी सजावट कर रहे थे। एक शाम दादी जी ने दादा जी से कहा, 'हर साल तो आपको अन्वय, अपनी और दोस्तों की ख्वाहिश बता देता था। आप हर रात सांता बनकर बच्चों का मनपसंद उपहार उनके घर के बाहर रख आते थे। इस बार अन्वय हमारे साथ नहीं है, अब आप बच्चों की इच्छा कैसे जानेंगे?'

दादा जी कुछ सोचते हुए बोले, 'बात तो तुम्हारी सही है, सोच रहा हूं कि सब बच्चों के लिए कोई ना कोई आउटडोर गेम ले आऊं।' यह कहकर दादाजी बाजार चले गए। क्रिसमस वाले दिन बच्चों ने पार्क में बहुत अच्छा सेलिब्रेशन किया। दादा-दादीजी भी बच्चों को खुश देखकर कुछ पल के लिए अपनी उदासी भूल गए थे। पार्टी के बाद सब बच्चे अपने घरों को लौट गए। कुछ देर बाद दादा जी सांता का रूप लेकर बच्चों के उपहार उनके दरवाजे के बाहर रखने के लिए अपने घर से बाहर निकले ही थे कि सामने सांता के वेश में पोते अन्वय को देखकर वह चौंके। बेटे-बहू और पोते अन्वय के साथ कॉलोनी के सारे बच्चे भी थे। दादा-दादी जी खुशी से झूम उठे। उन्होंने सब बच्चों को उपहार दिए, लेकिन क्रिसमस का सबसे प्यारा उपहार तो दादा-दादी जी को मिला था। उनकी खुशी कई गुना बढ़ गई, जब अन्वय ने बताया कि वह और मम्मी-पापा अब हमेशा दादा-दादी जी के साथ भारत में ही रहेंगे। इस बार का क्रिसमस सचमुच सबके लिए यादगार बन गया था। *

छोटी कहानी / विनीता

# हैप्पी क्रिसमस



सिक्स्थ क्लास में पढ़ने वाली ऐनी बहुत ही खुशमिजाज लड़की है। पड़ोस में रहने वाले सभी लोग उसे बहुत प्यार करते हैं। किसी शाम वह खेलने के लिए पार्क में नहीं आती तो उसे ढूंढ़ते हुए सारे दोस्त उसके घर पहुंच जाते। दो दिनों के बाद ही क्रिसमस है, ना तो अभी तक कोई तैयारी शुरू हुई है और ना ही वह खेलने के लिए पार्क में आई। इसीलिए सारे दोस्त ऐनी का हाल जानने के लिए उसके घर चले गए। दरवाजे पर ही ऐनी की मम्मी मिल गईं। रीमा ने उन्हें नमस्ते करते हुए पूछा, 'आंटी ऐनी की तबीयत तो ठीक है न? वह दो दिनों से खेलने नहीं आ रही।' 'बीमार तो नहीं, लेकिन बहुत सुस्त रहने लगी है आजकल। आज सजावट के लिए उसे साथ लेकर शॉपिंग पर जाना है, लेकिन वह जाने से मना कर रही है। हर साल अब तक मेरे साथ मिलकर वह पूरे घर की डेकोरेशन कंप्लीट करवा देती थी, लेकिन इस बार अभी तक हमारी तैयारी शुरू भी नहीं हुई।'

मम्मी ने चिंतित स्वर में कहा। बच्चे तुरंत ऐनी के कमरे में पहुंचे। वह अकेले गुमसुम सी बैठी थी। बहुत पूछने पर वह बोली, 'हमारे घर पर सफाई के लिए जो सुनीता आंटी आती हैं, उनकी बेटी मीनू के पैर में फ्रैक्चर हो गया है। हर साल क्रिसमस पर वह भी मेरे साथ होती थी, लेकिन इस बार वह बहुत तकलीफ में है। आंटी बता रही थीं कि उसके पैर का ऑपरेशन करवाना होगा, जिसमें काफी खर्च होगा। उनके घर में पैसों की बहुत तंगी है। आंटी हमारे लिए फैमिली मेंबर की तरह हैं, जब हमारा कोई अपना उदास हो तो ऐसे में उसे छोड़कर हम अकेले फेस्टिवल कैसे सेलिब्रेट कर सकते हैं?' कहते हुए ऐनी की आंखें भर आईं।

'हां, सचमुच यह तो बड़े दुख की बात है। हमें सुनीता आंटी की मदद करनी चाहिए।' रोहन बोला। ऐनी भी बोली, 'हां, मैं भी यही सोच रही थी किस तरह उनकी मदद करूं। मम्मी मुझे जो पॉकेटमनी देती हैं, उसे मैं अपनी पिगीबैंक में संभाल कर रखती हूं। उन पैसों से मीनू के लिए कुछ अच्छा-सा गिफ्ट खरीद लेती हूं। मम्मी से कहूंगी कि इस बार मुझे क्रिसमस गिफ्ट दिलाने के बजाए वे मीनू के इलाज के लिए सुनीता आंटी को कुछ पैसे दे दें।' 'मैं भी अपने पापा से बात करता हूं, वह हड्डियों के स्पेशलिस्ट डॉक्टर हैं। वह खुद मीनू का ट्रीटमेंट करेंगे, तो फीस के पैसे भी नहीं लगेंगे।' रोहन ने कहा। 'अपनी पॉकेटमनी मीनू को देने के लिए तैयार हूं, मैं और मैं भी...।' सभी बच्चों ने एक स्वर में ऐनी की बातों का समर्थन किया। तभी ऐनी की मम्मी भी कमरे में आ गईं। वह बोलीं, 'यह तो बहुत अच्छा आइडिया है। क्यों ना, इस बार हम मीनू की मदद करके उसके साथ अपनी खुशियां बांटते हुए यह त्योहार मनाएं, तभी तो हम सभी के लिए इस बार 25 दिसंबर वाकई हैप्पी क्रिसमस बन जाएगा।' इस बात पर सभी बच्चे मिलकर क्लैपिंग करने लगे। वे बहुत ही खुश थे। *



कविता / प्रकाश मनु

# क्रिसमस की ये शाम

हंसता झिलमिल क्रिसमस ट्री ये,
हंसती-गाती शाम,
याद रहेगा क्रिसमस मुझको
याद रहेगी शाम।
दीदी के संग खूब सजाया
क्रिसमस ट्री यह मैंने,
इसकी झलर-मलर तो देखो
सपनों के ये डैने।

काश, इसी में जादू वाले
भर दूं मन के रंग,
देखें दोस्त चकित होकर के
नया-नया यह ढंग।
पापा खुश हैं, मम्मी खुश हैं
खुशियों वाली शाम,
आज मनाएंगे हम क्रिसमस
छोड़ो सारे काम!

कहते हैं, जो भोले बच्चे
मन के होते सच्चे,
मिलते हैं उपहार उन्हीं को
सचमुच अच्छे-अच्छे।
सोच रहा हूं, कब आएगा
बूढ़ा सांता क्लॉज
क्या जाने अपने हाथों से
पहना दे वह ताज!
बनकर राजा बेटा नाचूं
देखें लोग तमाम,
याद रहेगा क्रिसमस सबको
और मेरा ही नाम!

## रंग भरो-140

**रंग भरो-140** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





लक्ष्य, रायपुर



रेयांश, बिलासपुर



सत्यम, रायपुर



सौम्या, दुर्ग



प्रेहन, कोरबा

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

प्रगति-बिलासपुर, सार्थक-रायपुर, प्रियंका-दिल्ली, दिनेश-भोपाल, लोकिता-नया रायपुर, समृद्धि-शहडोल, सुयश-बिलासपुर, उमेश-महेंद्रगढ़, पायल-रोहतक, अंकिता-जबलपुर, कपिल-दिल्ली, मुकेश-राजनांदगांव, हितेश-जबलपुर, रमेश-रायपुर, यश-दिल्ली



निरीक्षा, बिलासपुर

## रंग भरो 141



बच्चों, यहां पर क्रिसमस से जुड़ा एक सुंदर-सा चित्र दिया गया है, जिसमें सांता क्लॉज दो बच्चों को क्रिसमस गिफ्ट दे रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो-संपादक फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129 ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग,पश्चिमि दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर भेजो।

## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां पर क्रिसमस के गिफ्ट्स लिए चार बच्चों के चित्र और नीचे उनकी परछाई दी गई हैं। तुम्हें बच्चों के चित्रों की सही परछाई को पहचानकर इनका मिलान करना है।




उत्तर: 1-c, 2-d, 3-b, 4-a

## खबर संक्षेप

### ठगी करने के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

नारनौल। पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल के नेतृत्व में साइबर थाना की पुलिस टीम ने सोशल मीडिया के माध्यम से फ्रेंडशिप का झांसा देकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान ताज आलम वासी जोकटिया जिला बेतिया बिहार व शाहकार रजा उर्फ सद्दाम वासी दीवाना टोला बहादुरगंज जिला किशनगंज बिहार के रूप में हुई।

### झूठी शिकायत करने पर पुलिस ने की कार्रवाई

नारनौल। पुलिस में झूठी शिकायतें देने वाले लोगों पर पुलिस धारा 182 आईपीसी के तहत कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व थाना प्रबंधकों को झूठी शिकायत दर्ज करवाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ 182 आईपीसी की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। जिनके तहत थाना शहर पुलिस ने झूठा मामला दर्ज करवाने पर एक महिला के खिलाफ धारा 182 के तहत कार्रवाई की है।

## सहकारिता मंत्री ने रालियावास व राजपुरा इस्तमुरार में ग्रामीणों से किया संवाद

# भारत 2047 में प्राप्त करेगा आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र का गौरव: डॉ. बनवारी

### सहकारिता मंत्री ने कार्यक्रम में विभागों की स्टॉलों व प्रदर्शनी का अवलोकन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। स्टॉलों का अवलोकन करते व लोगों को शपथ दिलाते डा. बनवारी लाल। फोटो: हरिभूमि

सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि आजादी के 100 वर्ष पूरे होने यानी वर्ष 2047 में भारत आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र होने का गौरव प्राप्त करेगा। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का विजन दिया है। उन्होंने कहा कि अगले 24 साल यानी वर्ष 2047 तक भारत की तरक्की का रास्ता कैसे तय होगा, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ी योजना का खाका सामने रख दिया है। सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल वीरवार को बावल विधानसभा के गांव रालियावास व राजपुरा इस्तमुरार में यात्रा का स्वागत करने उपरांत उपस्थित लोगों से सीधा संवाद कर रहे थे।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि युवा पीढ़ी इस समय अपनी ऊर्जा के माध्यम से देश को आगे ले जाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि युवाओं को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आउट ऑफ द बॉक्स यानी अपने दायरे से बाहर जाकर सोचना होगा। उन्होंने कार्यक्रम में विभागों की स्टॉलों व प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा लोगों को हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ दिलाई

#### जरूरतमंदों को मिल रहा सेवाओं का लाभ

डा. बनवारी लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से देश-प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का दौर शुरू हुआ है, जिसके परिणाम स्वरूप समाज के जरूरतमंद व्यक्तियों को घर बैठे सरकार की अंत्योदय व जनकल्याण को समर्पित योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रहे लोगों को लाभांवित करने में विकसित भारत संकल्प यात्रा वरदान साबित हो रही है।

#### लाभार्थियों ने की योजनाओं की सराहना

कार्यक्रम के दौरान मेरी कहानी-मेरी जुबानी के माध्यम से अपने अनुभव सांझा करते हुए लाभार्थियों ने सरकार की अंत्योदय व गरीब कल्याण व उत्थान को समर्पित योजनाओं की दिल खोलकर सराहना की। लाभार्थियों ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने देश-प्रदेश में अंत्योदय व गरीब कल्याण और उत्थान से संबंधित योजनाएं चलाकर अंत्योदय के सपने करने के साथ-साथ गरीबों को समाज की मुख्यधारा में लाने का काम किया है।



रेवाड़ी। कृषि विभाग कार्यालय में धरना-प्रदर्शन करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## किसानों को बीमा राशि नहीं मिलने पर यूनियन ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भारतीय किसान यूनियन चढूनी की ओर से वीरवार को कृषि विभाग कार्यालय में धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। यूनियन के पदाधिकारियों ने धरने के दौरान किसानों की फसल के मुआवजा देने की मांग की। यूनियन के जिलाध्यक्ष समय सिंह ने बताया कि किसानों की फसल बीमा का पैसा अभी एक नहीं मिला है, जिसकों लेकर कई बार कृषि व बीमा अधिकारियों को सूचित किया जा चुका है, लेकिन अभी तक सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है, जिसकी वजह से किसानों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। यूनियन ने अधिकारियों के लिखित आश्वासन देने के बाद धरने को समाप्त किया। अधिकारियों ने अगले 20 दिन में मुआवजा देने का आश्वासन दिया है। समय सिंह ने कहा कि अगर 20 दिन में किसानों को फसल बीमा की राशि नहीं मिलती है तो भारतीय किसान यूनियन चढूनी की टीम कृषि विभाग कार्यालय पर ताला लगाने का काम करेगी। जिलाध्यक्ष ने कहा की अहीरवाल की जनता के साथ सदा भेदभाव होता आया है। इस मौके पर सचिव रामेश्वर दयाल, अनूप राव डूंगरवास, लोकेश बावल, राजकुमार बलियर खुर्द, मीरसिंह बालावास, ओ पी यादव, रोशनलाल गुलाबपुरा, शादीराम, शीशराम गोकुलपुर व कुलदीप माजरा सहित यूनियन के अनेक सदस्य व किसान मौजूद थे।



रेवाड़ी। विजेता विद्यार्थी प्राचार्य के साथ। फोटो: हरिभूमि

## डीएवी क्लस्टर लेवल गेम्स में स्कूल का खिलाड़ियों ने बढ़ाया गौरव

रेवाड़ी। दिल्ली रोड पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने डीएवी संस्था की ओर से आयोजित कलस्टर लेवल खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। स्कूल प्राचार्य नरेंद्र सिंह दहिया ने बताया कि स्कूल की अंडर14 ब्वॉयज खो-खो टीम ने स्वर्ण पदक हासिल किया तथा खो-खो टीम के खिलाड़ी भविष्य, अंश, विराज,परजान, परिचय, निपुण, मनदीप, हिमांशु चौहान, हर्ष,रोहित पटेल, कमल और कृष नेशनल लेवल गेम्स के लिए सिलेक्ट हुए हैं। कक्षा नौवीं से अक्षय ने स्केटिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अक्षय का चयन भी नेशनल लेवल की स्केटिंग प्रतियोगिता के हुआ है। कक्षा दसवीं की छात्रा लावण्या ने अंडर-19 ताइक्वांडो में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों की जीत का श्रेय अभिभावकों, स्कूल के स्पोर्ट्स कोच यतेंद्र राव व सभी स्टॉफ सदस्यों को दिया है।




रेवाड़ी। पुरस्कार लेते हुए आसियाकी पांचौर सांपली की टीम। फोटो: हरिभूमि

## गीता प्रश्नोत्तरी में आसियाकी पांचौर सांपली स्कूल द्वितीय

रेवाड़ी। मॉडल संस्कृति रावमा विद्यालय कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अन्तर्गत राज्य स्तरीय गीता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 22 जिलों से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाली 66 टीमों ने भाग लिया। रावमाविआसियाकी पांचौर सांपली की ओर से इतिहास प्रवक्ता हरपाल सिंह के मार्गदर्शन व अनिल कुमार कला अध्यापक के नेतृत्व में विद्यालय की छात्रा महक व नेहा ने रेवाड़ी जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतियोगिता में भाग लिया। सर्वप्रथम सभी टीमों का 20 अंक का एक स्क्रीनिंग टेस्ट लिया और सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली 6 टीमों का चयन मुख्य राउंड की प्रश्नोत्तरी के लिए किया गया। गीताज्ञान पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के 6 राउंड पूर्ण कराए गए, जिसमें रावमावि आसियाकी पांचौर सांपली की टीम ने 56 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि सुधीर राजपाल आईएएस अतिरिक्त मुख्य सचिव, कुलदीप मेहता सहायक निदेशक व प्रमोद कुमार कार्यक्रम अधिकारी विद्यालय शिक्षा विभाग हरियाणा व अन्य अधिकारियों ने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

## आईजीयू व सीएसआईआर-आईएचबीटी के बीच एमओयू साइन

■ समझौते होने से विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों को बहुत फायदा होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। आईजीयू में एमओयू का आदान-प्रदान करते हुए। फोटो: हरिभूमि

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर एवं सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान हिमाचल प्रदेश के बीच सहयोगात्मक अनुसंधान और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एमओयू साइन किया गया है। आईजीयू के कुलपति प्रो जेपी यादव ने कहा कि इस प्रकार के समझौते होने से विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों को बहुत फायदा होगा। एमओयू के द्वारा विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पारस्परिक रुचि के किसी अन्य क्षेत्र के निर्दिष्ट विषयों में अनुसंधान और शिक्षण के लिए सहयोग किया जाएगा। आईजीयू के संबंधित विभागों के संकाय सदस्य और सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान के वैज्ञानिक संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं की दिशा में काम करेंगे, जिससे दोनों संस्थानों के बीच में अनुसंधान सुविधाओं का पारस्परिक रूप से उपयोग किया जा सकेगा। आईजीयू के संबंधित विभागों के शोधार्थियों एवं शिक्षकों को सीएसआईआर-आईएचबीटी के दिशानिर्देशों के अनुसार पहचान पत्र जारी किया जाएगा ताकि उन्हें संस्थान की प्रयोगशाला और अन्य सुविधाओं तक पहुंच प्रदान की जा सके। सीएसआईआर-आईएचबीटी की ओर से शोधार्थियों को ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण सुविधाएं एवं शिक्षण सामग्री प्रदान की जाएगी। कुलसचिव प्रो. प्रमोद कुमार ने कहा कि इस प्रकार के समझौते होने से शोधार्थियों को नए-नए शोध कार्यों को करने के लिए नया मार्ग मिलेगा। मौके पर सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान से निदेशक डा. सुदेश कुमार यादव एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।



रेवाड़ी। मोती चौक पर पुतला फूंकते भाजपा कार्यकर्ता। फोटो: हरिभूमि

## भाजपाईयों ने कांग्रेसी एवं टीएमसी नेता का फूंका पुतला

रेवाड़ी। राज्यसभा के सभापति व देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री करके वीडियो बनाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस ही नहीं बल्कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी भी घिरे हुए नजर आ रहे हैं। सभी नेता इस अपमान जनक कृत्य की निंदा कर रहे हैं। खापों की और से भी मोर्चा खोला हुआ है। वीरवार को बीजेपी जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपाइयों ने मोती चौक पर विरोध प्रदर्शन करके कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा व तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी का पुतला फूंका। विरोध प्रदर्शन में भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष निखिल मांढैया के नेतृत्व में भारी संख्या में युवा मौजूद थे। इस मौके पर महामंत्री ईश्वर चनीजा, सत्यदेव यादव, उपाध्यक्ष अमित यादव, बलजीत सिंह, डा. सुभाष, प्रेमनाथ गेरा, बाबूलाल छावड़ी, ऊषा आर्य, अशोक मुदगिल, नीरू भारद्वाज, राममेहर यादव, प्रेम सिंह, हंसराज, रविन्द्र खंडेलवाल, राजपाल कसाना, अमन कसाना, मोनू छावड़ी, अभिषेक डागर, साहिल नैचाना, योगेश विजयनगर, सतीश बुड़ानी, राजपाल कसाना, राकेश माजरी, जसबीर, युद्धवीर फोगाट, राजेन्द्र पटेल, श्रीभगवान व सोनू सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जाट समाज ने कल्याण बनर्जी का पुतला फूंका



रेवाड़ी। देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पर टीमसी सांसद कल्याण बनर्जी की ओर से की गई मिमिक्री के विरोध में वीरवार को गांव जाट बेरवाल में जाट समाज ने प्रदर्शन किया। ब्लॉक समिति सदस्य हरिसिंह ने टीमसी सांसद का पुतला फूंकते हुए कहा कि इस अपमान को जाट समाज कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। सभी ग्रामवासियों ने इसकी कड़े शब्दों में आलोचना की। उन्होंने कहा कि 71 साल के सम्मानित व्यक्ति की गलत तरीके से मिमिक्री करना और राहुल गांधी की ओर से वीडियो बनाया अपमानजनक है। इस मौके पर अंकित, रामचंद्र, रणवीर नंबरदार, धर्मवीर सूबेदार, कवल सिंह, जितेंद्र महेंद्र, सुरेश कुमार, रंजीत, चांद सिंह, ओमपाल, बलराम, शमशेर, जसराम, श्यामवीर, सत्येंद्र व रविंद्र मौजूद थे।



रेवाड़ी। वाहन चालकों की बैठक लेते डीएसपी। फोटो: हरिभूमि

## नशा करके व गलत लेन में वाहन चलाने वाले चालकों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से सड़कों पर वाहनों के बढ़ते दबाव व बढ़ती दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए डीएसपी संजीव बल्हारा ने वीरवार को धारूहेड़ा के भारत बेन्ज परिसर में ट्रांसपोटर्स व भारी वाहनों के चालकों के साथ की बैठक की। बैठक में धारूहेड़ा टीएपी इंचार्ज एएसआई दलीप सिंह, भारत बेन्ज धारूहेड़ा के संचालक गिरिराज धींगडा व एचआर हैड प्रेमजीत मौजूद थे। इस अवसर पर डीएसपी ने कहा कि ट्रांसपोटर्स अपने भारी वाहनों को निर्धारित स्थान पर खडा करें। कोहरे के समय पार्किंग लाइट का प्रयोग करे, वाहन के आगे व पीछे रिफ्लेक्टर लगाए तथा कोहरे के समय वाहन चलाते समय उचित दूरी बनाए रखे। वाहन को रांग साइड़ न चलाए, नशे के आदी वाहन चालकों को कदापि वाहन चलाने न दे, हाइवे व स्टेट हाइवे पर भारी वाहनों को बाईंलेन में ही चलाएं। नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



रेवाड़ी। स्वास्थ्य की जांच कराते पुलिसकर्मी। फोटो: हरिभूमि

## पुलिसकर्मियों ने कैंप में कराई स्वास्थ्य जांच

कोसली। कोसली की सामाजिक संस्था ह्यूमिनिटी की ओर से वीरवार को नाहड़ पुलिस चौकी में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पुलिस कर्मियों के शुगर लेवल, ब्लड शुगर, नेत्र, ब्लड प्रेशर, हार्ड बिट, ऑक्सीजन लेवल, यूरीन, मलेरिया, हिमोग्लोबिन लेवल व वजन की जांच की गई। डॉक्टरों ने पुलिस कर्मियों को अपने स्वास्थ्य की समय पर जांच कराने की सलाह दी व स्वस्थ रहने के उपाय बताए गए। संस्था की अध्यक्ष डा. सुषमा यादव ने कहा कि पुलिस विभाग के कर्मचारी ड्यूटी और भाग दौड़ के चलते अक्सर तनाव में रहते है। ऐसे में समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच नहीं करा पाते है। इस अवसर पर संस्था से अजय, विनय, धर्मवीर, राहुल व मनीष पांडे उपस्थित थे।

## कोसली विधायक ने किया 85.86 लाख की लागत के विकास कार्यों का उद्घाटन

# सरकार ने गरीबों, वंचितों व मजदूरों को विकास की योजनाओं में भागीदार बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वीरवार को गांव बिहारीपुर व भुरथला में विधायक कोसली लक्ष्मण सिंह यादव, गांव फतेहपुरी टप्पा डहीना व गोठड़ा टप्पा डहीना में पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह यादव तथा गांव रसगण व आलमगीरपुर में भाजपा नेता सुनील यादव मुसेपुर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में लाभार्थियों को मौके पर ही बुढ़ापा पेंशन, बीपीएल व गुलाबी राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण, स्वास्थ्य जांच, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

इस अवसर पर विधायक लक्ष्मण सिंह ने कहा कि समाज के अंतिम व वंचित व्यक्ति को खुशहाल बनाकर ही आत्मनिर्भर व विकसित भारत की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। सरकार ने गरीबों, वंचितों व मजदूरों को विकास की योजनाओं में भागीदार बनाया है। भारत को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर व विकसित देश बनाने में समाज के अंतिम व्यक्ति को अपना योगदान देना होगा। सरकार ने जनधन बैंक खाता खुलवाने से लेकर आयुष्मान कार्ड, घर-घर में शौचालय निर्माण, हर घर में नल से जल, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, आयुष्मान सहित अनेक जनहितैषी और कल्याणकारी योजनाएं चलाकर अंतिम व वंचित वर्ग के लाभार्थियों को लाभांवित करने का काम किया है।

विधायक ने बिहारीपुर से देहलावास तक 80.58 लाख रुपए की लागत से सड़क व 5.28 लाख रुपए की लागत से बने हाल का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर एसडीएम होशियार सिंह, बीडीपीओ अंकित चौहान, संयोजक बलजीत यादव, जिला पार्षद बलजोर यादव, सीएमओ डा. सुरेन्द्र यादव, सरपंच पूनम यादव, मास्टर कृष्ण मास्टर, रामेहर यादव, पूर्व सरपंच भोम सिंह, डीएम यादव, रामकुवार बेरली, बिजेन्द्र यादव डहीना, जसवन्त पंच हालुहेड़ा, राजकुमार जलवा, बिरेन्द्र वपंकज मांढैया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व अधिकारी उपस्थित थे।






रेवाड़ी। विकास कार्यो का उद्घाटन करते व बच्चों को सम्मानित करते कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव। फोटो: हरिभूमि

#### प्रदर्शनी का किया अवलोकन

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी, एनीमिया आदि की जांच, निरोगी हरियाणा योजना का लाभ, कॉमन सर्विस सेंटर का संचालन, बैंकिंग सेवाओं के लिए स्टाल, ऋण आवेदनों के लिए हेल्प डेस्क लगाए गए। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को प्रचार सामग्री का वितरण भी किया गया।

**खबर संक्षेप**

### मारपीट मामले के तीन आरोपी गिरफ्तार

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने मनेठी में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 21 सितंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने गांव निवासी तरुण, श्यामसुंदर व वेदपाल को इस मामले में गिरफ्तार किया है। बाद में आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### हादसों के आरोपी गाड़ी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों को अंजाम देने के आरोपी दो गाड़ी चालकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार रामपुरा एरिया में 5 नवंबर को हुए हादसे में पुलिस ने बालावास जाट निवासी मनोज कुमार को गिरफ्तार किया है। थाना धारूहेड़ा पुलिस ने 16 दिसंबर को हुए सड़क हादसे के आरोपी गुरुग्राम के राठीवास निवासी सुरेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है।

### जमीन पर कब्जे का एक आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** महेश्वरी में एक वकील की जमीन पर कब्जा करने और चोरी के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सुभाष चंद शर्मा की शिकायत पर 8 जुलाई को कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। कई आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। अब पुलिस ने द्वारकाधीश सोसायटी निवासी सुजान सिंह को भी इस मामले में गिरफ्तार किया है।

### नंदरामपुर बास में कैंसर जांच कैंप आज

**रेवाड़ी।** गंगा सहाय मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल सेक्टर-3 की ओर से बावल विधानसभा के गांव नंदरामपुर बास के बाबा बिशन दास मंदिर में 22 दिसंबर को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक विशाल कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ. कविता ने बताया कि शिविर का उद्घाटन सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल करेंगे। कैंप में कैंसर विशेषज्ञ डॉ. कौशल किशोर लोगों को परामर्श देंगे।

### युवक ने फांसी का फंदा लगाकर किया सुसाइड

**नाहड़।** गांव नाहड़ में अज्ञात कारणों के चलते दो बच्चों के पिता ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सामान्य कारवाई करके पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया है। नाहड़ गांव के रामकिशन के 34 वर्षीय पुत्र भुपेन्द्र ने अज्ञात कारणों के चलते देर गत रात में उस समय फांसी का फंदा लगा लिया जब सभी परिजन सो रहे थे। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। नाहड़ चौकी से अनुसंधान अधिकारी जितेन्द्र ने बताया कि उन्हें रात 12 बजे के लगभग सूचना मिली थी। परिजनों के ब्यान के आधार पर सामान्य कारवाई करके शव परिजनों को सौंप दिया है।

### हमारा परिवार संस्था का देशभक्ति कार्यक्रम 24 को

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से राष्ट्रीय बाल दिवस के उपलक्ष्य में देशभक्ति का कार्यक्रम 'चार साहिबजादों का बलिदान-नमन कर रहा हिंदुस्तान' का आयोजन 24 दिसंबर को पंजाबी धर्मशाला में किया जाएगा। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी भाजपा युवा नेता मुकेश कपड़ीवास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व सुरेश शर्मा प्राचार्य जैन सीनियर सैकेंडरी स्कूल विशिष्ट अतिथि रहेंगे। संस्था की ओर से गोक्रांति मिशन प्रदेश प्रमुख प्रदीप डागर, नरेंद्र गुगनानी, सरोज भारद्वाज व समाजसेविका सुदेश रानी का अभिनंदन किया जाएगा।

### गर्वित का राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन

**रेवाड़ी।** डीपीएस के छात्र का राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। अंडमान एंड निकोबार में होने वाली 56वीं एसजीएफआई राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में कक्षा ग्यारहवीं के छात्र गर्वित का अंडर-17 आयु वर्ग की टीम में चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता 27 दिसंबर से 5 जनवरी 2024 तक आयोजित होगी।

## ग्रामीण बोले पावर प्लांट से निकलने वाले गंदे पानी से बर्बाद हो रही फसल व जमीन

# ग्रामीणों ने झाड़ली पावर प्लांट को जाने वाले रेलवे ट्रैक को किया जाम

- 11 साल से नहीं हो रहा समस्या का समाधान, ग्रामीण प्लांट के पानी से खराब हुए फसलों का मुआवजा और गंदे पानी के स्थाई समाधान की मांग पर अड़े रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। रेलवे ट्रैक पर जमा ग्रामीण तथा रेलवे ट्रैक पर बैठे ग्रामीणों को समझाते पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

झाड़ली में चल रहे थर्मल पावर प्लांट से निकलने वाले गंदे पानी की वजह से आसपास के गांवों की जमीन खराब हो रही है। वीरवार को गुस्साए गांव लिलोढ़ के ग्रामीणों ने झाड़ली थर्मल पावर प्लांट की ओर जाने वाले रेलवे ट्रैक को जाम कर दिया। बड़ी संख्या में कई गांवों के ग्रामीण रेलवे ट्रैक पर बैठ गए। सूचना मिलने के बाद कोसली के एसडीएम जयप्रकाश पुलिस बल के साथ मौके पहुंचे तथा ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण प्लांट के पानी से खराब हुए फसलों का मुआवजा और गंदे पानी के स्थाई समाधान की मांग पर अड़े रहे।

**कई एकड़ जमीन हो चुकी खराबः** झज्जर जिले के गांव झाड़ली में एनटीपीसी का बिजली पावर प्लांट लगा हुआ है। पावर प्लांट तक कोयला ले जाने के लिए ट्रैक बना हुआ है। पावर प्लांट से निकलने वाले गंदे पानी की वजह से झज्जर जिले के तीन गांवों के साथ गांव लिलोढ़ की जमीन भी लगातार खराब हो रही है। वीरवार को गांव लिलोढ़ सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक को जाम कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि झाड़ली पावर प्लांट के शुरू होने से आसपास के गांव गौरिया में करीब 300 एकड़ और लिलोढ़ की 250 एकड़ से ज्यादा जमीन खराब हो चुकी है। ग्रामीणों ने कहा कि प्लांट से केमिकलयुक्त पानी निकलता रता है, जिससे जमीन बंजर होने के साथ कई वर्षो से फसलें भी बर्बाद हो रही है, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

### शीतकालीन सत्र में विधायक ने उठाया मुद्दा

विधानसभा के शीतकालीन सत्र में 19 दिसंबर को कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव भी इस समस्या को उठा चुके है। रेवाड़ी और झज्जर डीसी के साथ-साथ प्लांट के अधिकारियों को भी इस समस्या को लेकर कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन 2012 के बाद से 11 वर्ष में भी समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया है। कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह ने विधानसभा सत्र में सरकार से किसानों को फसल और जमीन का मुआवजा देने व गंदे पानी की समस्या का समाधान करने की मांग की थी। कोसली विधायक ने बताया कि लिलोढ़ गांव का जलस्तर 25 फुट से दो फुट आ गया है। कंपनी ने 2012 से 2016 तक किसानों को मुआवजा दिया था। अब किसानों का मुआवजा भी बंद है और समस्या का समाधान भी नहीं हो रहा है। यह किसानों के साथ सीधा-सीधा धोखा है। विधानसभा सत्र में कृषि मंत्री ने समस्या का समाधान करने व मुआवजा दिलाने का आश्वासन भी दिया था। कृषि मंत्री ने कहा कि सेम की समस्या के समाधान के लिए पक्के टैंक में जमा किए पानी को पंप से उठाकर अन्य स्थान पर ले जाकर कृषि के लिए उपयोग में लाया जाएगा तथा पिछले मुआवजे को लेकर जांच कराने के बाद किसानों को मुआवजा दिलाया जाएगा।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में उपस्थित जज व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

# जिलास्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

- खंडस्तर पर प्रथम आए प्रतिभागियों ने जिलास्तर पर हिस्सा लिया

जिला परियोजना संयोजक कार्यालय में जिलास्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला परियोजना संयोजक महेन्द्र सिंह खनगवाल ने किया। जिला परियोजना संयोजक ने सभी छात्रों को प्रतियोगिता में भाग लेने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय कार्यक्रमों में अपने खंड का प्रतिनिधित्व करना गौरव की बात हैं। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान के विजेता प्रतिभागी अब राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में पेंटिंग एवं क्ले मॉडलिंग, संगीत, नृत्य व नाटक कराएं गए। खंडस्तर पर प्रथम आए प्रतिभागियों ने जिला स्तर पर हिस्सा लिया। कला उत्सव में सुरेन्द्र मोरवाल, अनिल मोरवाल, रूबिया भारती, राजेन्द्र, कार्तिक, वीरेन्द्र कुमार व सतीश मस्तान ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता को सफल बनाने में समग्र शिक्षा से सुंदर सिंह एपीसी, हेमन्त कुमार एपीसी, अजय कुमार एपीसी, कृष्ण एपीसी, प्रदीप कुमार उपअधीक्षक व बंटी कॉर्डिनेटर सहित समस्त स्टाफ का योगदान रहा।

### अंकित ने संभाला नाहड़ बीडीपीओ का अतिरिक्त कार्यभार

**नाहड़।** बीडीपीओ जाटूसाना अंकित चौहान ने नाहड़ का अतिरिक्त कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने नाहड़ बीडीपीओ निशा तंवर के प्रमोशन एवं ट्रांसफर होने पर पदभार संभाला है। इसके अलावा उन्हें डहीना का भी अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। एसईपीओ राजेश कुमार, ग्राम सचिव नरेश कुमार, अनिल कुमार व ललिता कुमारी ने बीडीपीओ का स्वागत किया। इस अवसर पर बीडीपीओ चौहान ने सभी स्टाफ सदस्यों की मीटिंग ली। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा से कार्य करें। पेंडिंग कार्यों का प्राथमिकता से निपटारा करें तथा लोगों तक सरकार की सभी योजनाओं को पहुंचाने का कार्य करें।

# कैंप में छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**रेवाड़ी।** लावण्या फाउंडेशन की ओर से मॉडर्न सीनियर सैकेंडरी स्कूल मीरपुर में दो दिवसीय सेल्फ डिफेंस कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में लड़के-लड़कियों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया गया। कोच शार्वी गुप्ता ने बच्चों को बिना किसी हथियार के अपनी रक्षा करने की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को हैंड पंच व किक के गुर सिखाए। मुख्यातिथि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिसद की उपाध्यक्षा पारीसा शर्मा ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा का प्रशिक्षण बेहद जरूरी है। छात्राओं ने अचानक सामने से कलाई, बाल या गर्दन पकड़े जाने की स्थिति में सामने वाले की पकड़ से खुद को मुक्त कराने के साथ ही उस पर हमला करने की तकनीक का अभ्यास किया। कैंप संयोजक रोहित सैनी व संगीता ने स्कूल चेयरमैन सुरेन्द्र यादव, निदेशक सुनीता यादव व प्राचार्य अनिता यादव का धन्यवाद किया। इस अवसर पर मोनिका यादव, मीनाक्षी गुप्ता, रविन्द व दलीप कुमार उपस्थित थे।


रेवाड़ी। प्रशिक्षण लेते हुए छात्राएं।

# किसान वाटिका प्रकरण में दूसरी एफआईआर

- कई बारातियों पर मारपीट का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

किसान वाटिका के पास शादी समारोह में 8 दिसंबर की आतिशबाजी को लेकर घमासान में मॉडल टाउन पुलिस ने दूसरे पक्ष के लोगों के बयान पर केस दर्ज किया है। बारातियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सरस्वती विहार निवासी मुन्नीलाल सैनी ने बताया कि 8 दिसंबर की रात वह किसान वाटिका के सामने अपनी दुकान पर मौजूद था। इसी दौरान बारात में शामिल कई युवकों ने उसकी दुकान के सामने पटाखे चलाने शुरू कर दिए। उसने बारातियों से कहा कि पटाखों से उसकी दुकान में आग लग सकती है। सैनी ने आरोप लगाया कि इसके बाद दूल्हे के पिता व अन्य बारातियों ने पटाखों का रुख उसकी दुकान की ओर कर दिया। उसने पुलिस को फोन किया। पटाखों पर पानी डालने के बाद बारातियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उसके बचाव के लिए हुकमचंद, ललित कुमार, रामकिशन व कुछ लोग वहां आ गए। धक्का बस्ती निवासी श्यामलाल और उसके बेटे ने बारातियों के साथ मिलकर उन्हें भी पीटना शुरू कर दिया। पुलिस के आने के बाद यह लोग धमकी देकर वहां से चले गए। पुलिस ने उसके बयान पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### एकतरफ कार्रवाई का हुआ था विरोध

इससे पूर्व मॉडल टाउन थाना पुलिस ने बारातियों के साथ मारपीट करने के आरोप में सैनी समाज के प्रधान नवीन सैनी और पूर्व प्रधान चेतराम सहित करीब 100 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। सैनी समाज के लोगों ने एकतरफा कार्रवाई के विरोध में मॉडल टाउन थाने में जमकर हंगामा किया था। पुलिस अधिकारियों ने भरोसा दिलाया था कि दूसरे पक्ष के आरोपियों के खिलाफ भी एक्शन लिया जाएगा। इसके बाद ही मामला शांत हुआ था।



रेवाड़ी। चारों सदनों के प्रतिनिधियों के साथ बीईओ डा. रामपाल यादव।

# छात्र जीवन व्यक्तित्व निखार का स्वर्णिम काल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा में वीरवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बावल के खंड शिक्षा अधिकारी डा. रामपाल यादव ने युवा संसद, कला उत्सव, गीता जयंती, विज्ञान प्रदर्शनी, सांस्कृतिक उत्सव तथा प्री. बोर्ड के टॉपर्स को संबोधित करते हुए कहा कि होता है, इसलिए विद्यार्थियों को अपनी रुचि-अभिरुचि के अनुसार अधिक से अधिक गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। छात्र जीवन व्यक्तित्व निखार का स्वर्णिम काल बीईओ ने विद्यालय की बहुआयामी नवाचारी रचनात्मक गतिविधियों की जानकारी भी ली तथा शैक्षणिक, सांस्कृतिक व खेलकूद के क्षेत्र में खंड तथा जिला स्तर पर विजेता रहे विद्यार्थियों को बधाई दी। विद्यालय की ओर से बीईओ को साहित्य एवं अंग वस्त्र भेंट किया गया। स्टाफ सचिव यशपाल आर्य, प्राध्यापक हरपाल सिंह, मोहनलाल तथा विजयपाल ने उन्हें विद्यालय की सदन प्रक्रिया, मिड-डेमील, ई-अधिगम प्रारूप, विद्यालय गीत, प्रयोगशाला प्रारूप तथा पुस्तकालय से जुड़ी जानकारी दी।

# विद्यार्थियों व चालकों को दिया सीपीआर प्रशिक्षण

- डॉक्टरों ने बच्चों से दी जंक फूड से दूर रहने व व्यायाम करने की सीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी


रेवाड़ी। विद्यार्थियों को सीपीआर प्रक्रिया का अभ्यास कराते डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

जैन पब्लिक स्कूल में वीरवार को बस चालकों एवं विद्यार्थियों को यातायात संबंधी नियमों की जानकारी दी गई तथा सड़क हादसों व हार्टअटैक से होने वाली मौतों के संबंध में जागरूक किया गया। इस अवसर पर गुरूग्राम से कार्डियोलोजी विशेषज्ञ डॉ. जगदीप यादव ने कहा कि दैनिक जीवन में सर्तकता बरतकर अनेक लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए लाइफ स्टाइल व डाइट पर नियंत्रण रखने की सीख दी। उन्होंने बच्चों से नियमित व्यायाम करने व जंक फूड से दूर रहने की अपील की। इस दौरान विद्यार्थियों व चालकों के समक्ष सीपीआर प्रक्रिया का प्रशिक्षण भी दिया गया। डा. यादव ने सड़क हादसों के कारण व इसके निवारण पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सड़क पर सबसे अधिक मौत लापरवाही व तेज गति से वाहन चलाने, मोबाइल का प्रयोग करने, हैलमैट या सीटबैल्ट न लगाने व नींद पूरी न हो पाने के कारण से होती है। इन सबसे यातायात नियमों का गंभीरता से पालन करके बचा जा सकता है। उन्होंने मानव हृदय की प्रक्रिया समझाते हुए बताया कि वर्तमान दौर में हृदयघात एक गंभीर बीमारी बन रही है। इसका सबसे बड़ा कारण लाइफ स्टाइल में परिवर्तन तथा स्वास्थ्य पर ध्यान न देना है। उन्होंने विद्यार्थियों से शारीरिक व्यायाम के लिए किसी एक खेल को जीवन भर अपनाने की सीख दी। इस दौरान सीपीआर(कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षक डॉ आशीष ने बच्चों के सामने व्यक्ति के बेहोश होने व धड़कन बंद होने की स्थिति में किए जाने वाले सीपीआर उपचार की जानकारी दी। इस मौके पर बच्चों व शिक्षकों एवं चालकों ने भी प्रशिक्षण का अभ्यास किया। हेल्थकेयर प्रबंधक योगेश शर्मा ने कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट किया। प्रधानाचार्या सोनल छाबड़ा ने चिकित्सकों की टीम का आभार जताया। विद्यालय की ओर से शारीरिक खेल विभाग प्रभारी निशि यादव ने चिकित्सकों को स्मृति चिंह प्रदान किए। इस मौके पर विद्यालय की स्वास्थ्य प्रभारी मीनाक्षी व मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा सहित सभी शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे।


रेवाड़ी। टीका लगवाते हुए छात्र। फोटो : हरिभूमि

### स्कूल में 150 विद्यार्थियों ने लगवाई वैक्सीन

- बच्चों को वैक्सीन लगाकर स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी

**रेवाड़ी।** नारनौल रोड़ स्थित सनग्लों इंटरनेशनल स्कूल में वीरवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीकाकरण कैंप लगाकर 10 व 14 आयु वर्ग के 150 बच्चों को वैक्सीन लगाई गई। डॉ. सरजीत के मार्गदर्शन में एमपीएचडब्ल्यू फीमेल सरोज व एमपीएचडब्ल्यू नीलम ने बच्चों को वैक्सीन लगाकर स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। विद्यालय व हरियाणा शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डा. वीपी यादव व विद्यालय की निदेशिका शारदा यादव ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का धन्यवाद किया।

### नाहड़ की पूजा ने पास की एडीए परीक्षा


पूजा कुमारी।

**नाहड़।** गांव नाहड़ की मेधावी छात्रा पूजा कुमारी ने अपने पहले ही प्रयास में हरियाणा लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित सहायक जिला अटॉर्नी (एडीए) की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। पूजा की इस उपलब्धि पर गांव में खुशी की लहर है। छात्रा के दादा डा. श्याम लाल तथा चाचा मास्टर सोमनाथ ने बताया कि पूजा बचपन से ही होनहार रही है। पूजा कुमारी ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा गांव नाहड़ से की और आगे की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय नैचाना, बीए की डिग्री सेंट स्टीफेन कॉलेज दिल्ली व एलएलबी दिल्ली विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की थी। पूजा ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से कानून में पीएचडी करते हुए उसने यह एडीए की परीक्षा उत्तीर्ण की है। पूजा की इस उपलब्धि पर विभिन्न सामाजिक संगठनों व ग्रामीणों ने बधाई दी।

## शहीद धर्मसिंह माध्यमिक विद्यालय में खंडस्तरीय स्पेल बी कार्यक्रम का आयोजन

# स्पेल बी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नाहड़


रेवाड़ी। विद्यार्थियों को संबोधित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

शहीद धर्मसिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लुखी में वीरवार को खंड स्तरीय स्पेल बी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खंड नाहड के सभी विद्यालयों के कक्षा छठी से बारहवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या उमा यादव ने की।

खंड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र शर्मा एवं खंड संसाधन समन्वयक डा. राजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मंच संचालन अंग्रेजी प्रवक्ता श्रीभगवान बव्वा ने किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने कहा कि प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास पैदा होता है। वक्ताओं ने कहा कि प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन के जिला प्रधान रविन्द्र भाकली एवं खंड प्रधान गजराज सिंह ने सभी विजेताओं को शिक्षण सामग्री देकर सम्मानित किया।

### प्रतियोगिता का परिणाम

स्पेल बी प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लूखी की कक्षा छठी से प्रवीण प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नेहरूगढ़ कक्षा सातवीं से मानसी प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुड़ियानी कक्षा आठवीं से कीर्ति प्रथम, क्वीज ऑन टेंस प्रतियोगिता में गुगोढ़ स्कूल से यश देव प्रथम, कक्षा दसवीं में गुगोढ़ स्कूल से जतिन प्रथम, कक्षा 11वीं में कोसली कन्या स्कूल से शिल्पी प्रथम, लुखी स्कूल कक्षा बारहवीं से प्रिया प्रथम, कहानी लेखन प्रतियोगिता में लुखी स्कूल कक्षा छठी से गुंजन प्रथम, गुड़ियानी स्कूल कक्षा सातवीं से हिमांशी प्रथम, कोसली स्कूल कक्षा आठवीं से अंतिम यादव प्रथम, झाल स्कूल कक्षा 9वीं से कोमल प्रथम, सुधराना स्कूल कक्षा दसवीं से धीरज शर्मा प्रथम, नाहड़ स्कूल कक्षा 11वीं से निशा प्रथम, जुड्डी स्कूल कक्षा बारहवीं से हिमांशी प्रथम, हिंदी वर्तनी प्रतियोगिता में कक्षा छठी से सोनम प्रथम, कक्षा सातवीं से शिवानी प्रथम, कक्षा आठवीं से पायल प्रथम, कविता लेखन प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं से जन्नत प्रथम, कक्षा दसवीं में गुंजन प्रथम, कक्षा ग्यारहवीं से मुस्कान प्रथम, बारहवीं से हेमलता प्रथम, वाद विवाद प्रतियोगिता में छठी से नसीब, कक्षा सातवीं से पायल, कक्षा आठवीं से उर्वशी, कक्षा नौवीं से मुस्कान, कक्षा दसवीं से गरिमा, कक्षा ग्यारहवीं से राखी व कक्षा बारहवीं से यशस्वी प्रथम स्थान पर रहे। इस मौके पर खंड संसाधन समन्वयक कार्यालय के लेखा सहायक दिनेश सुरेहली, अंशु यादव, रामानन्द, सुरेता, मंजीत, सुरेन्द्र, जयसिंह, संगीता, सुनीता, रेखा व लक्ष्मी मौजूद थे।

# राजपूत प्रतिनिधि सभा ने नियुक्त किए प्रकोष्ठ संयोजक

## राय सिंह को सभा का प्रधान महासचिव बनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा ने अपने विभिन्न प्रकोष्ठ के संयोजक नियुक्त किए हैं। सभा के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेश चौहान राष्ट्रपुत ने बताया कि पदमश्री अवार्ड से सम्मानित कंवल सिंह चौहान अटेरणा को कृषि प्रकोष्ठ, ग्रुप कैप्टन विक्रम सिंह राठौड़ हिसार को सैनिक प्रकोष्ठ, चेयरमैन भवानी प्रताप सिंह भिवानी को स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ, डा. वीरेंद्र सिंह चौहान गोंदर को बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ, बलबीर सिंह चौहान करनाल को इतिहास एवं संस्कृति प्रकोष्ठ, जसमेर सिंह कोच खेड़ी तलवाना को खेलकूद प्रकोष्ठ, अनिल चौहान बीजना को युवा एवं रोजगार प्रकोष्ठ तथा कुमारी अंजू तंवर सरपंच खुड़ाना को पंचायत राज प्रकोष्ठ का संयोजक बनाया गया है। सभा के मुख्य संरक्षक कंवर आरपी सिंह आईएएस की सलाह से हैडमास्टर राय सिंह परमार को सभा का प्रधान महासचिव बनाया गया है। मिशन परिसीमन 2026 के तहत 23 दिसंबर से सभा की टीम प्रदेश के उन 18 विधानसभा क्षेत्रों के दौरे पर निकल रही है, जहां से कभी भी कोई राजपूत विधायक निर्वाचित नहीं हुआ है।